कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत कोटपूतली जिला जयपुर ग्रामीण

क्रमांक :– 5053 दिनांक :– 26/09/2020

राजस्थान सम्पर्क पोर्टल,
सी0एम0 हैल्प लाईन (181),
केवल राजस्थान।

विषय :– जांच रिपोर्ट परिवाद द्वारा गणेश कुमार निवासी एस– 1 झारखण्ड अपार्टमेन्ट झारखण्ड मोड जनरल सागत सिंह मार्ग खातीपुरा वार्ड नम्बर 14 जयपुर हेरिटेज जयपुर हाल वार्ड नम्बर 1 कोटपूतली थाना कोटपूतली जिला जयपुर के संबंध में।

प्रसंग :– राजस्थान सम्पर्क पोर्टल क्रमांक 09200678645318 दिनांक 21.09.2020 के क्रम में ।

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के सन्दर्भ में निवेदन है कि परिवाद में अंकित तथ्य शिकायतकर्ता ने बताया कि दिनांक 21–09–20 को परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार निवासी एस–1 झारखण्ड अपार्टमेन्ट, झारखण्ड मोड़ जनरल सागत सिंह मार्ग, खातीपुरा ,वार्ड नंबर 14 जयपुर हेरिटेज, जयपुर हाल वार्ड नंबर 1 कोटपूतली पुलिस थाना कोटपूतली जिला जयपुर ग्रामीण का इस आशय का प्राप्त हुआ कि दिनांक 04–09–2020 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण मे प्रकाशित खबर शीर्षक थाने के सात पुलिस कर्मी लाईन हाजिर के संबन्ध मे प्राप्त हुआ। जिसकी जांच थानाधिकारी पुलिस थाना सरूण्ड से करवाई गई।

दौराने जांच पाया गया कि थाना हाजा पर उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर दिनांक 04–09–2020 को समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण मे प्रकाशित खबर थाने के सात पुलिस कर्मी लाईन हाजिर के संबन्ध मे उक्त मुलाजमानो का स्थानान्तरण थाना हाजा से पुलिस लाईन जिला जयपुर ग्रामीण में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला जयपुर ग्रामीण के आदेश क्रमांक 2406 दिनांक 03/09/2020 व डी ओ बी आदेश क्रमांक 985 के द्वारा किया गया था। उक्त पुलिस कर्मियो के दुराचरण, दुर्व्यवहार तथा भ्रष्टाचार की शिकायत के संबन्ध मे प्राथमिक जांच श्रीमान वृत्ताधिकारी महोदय वृत्त शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा की जा रही है।

अतः परिवाद की जांच रिपोर्ट प्रेषित है।

भवदीय

पुलिस उप अधीक्षक
वृत्त–कोटपूतली
जिला जयपुर ग्रामीण